श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांकःएफ-3/एलबीएस/शैक्षणिक/2022-23/ 3028 दिनांकः 08.11.2022

कार्यालयीय सूचना

विषयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति-२०२० के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन।

भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया जा चुका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में प्रदत्त प्रावधानों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों में लागू करने के सम्बन्ध में समस्त पीठ प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों की विस्तृत जानकारी हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर **दिनांक 09.11.2022 को अपराह्न 3.00 बजे** वाचस्पति सभागार में **प्रो. सनत कुमार शर्मा**, बाह्य विशेषज्ञ, (केन्द्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार, गया) द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता **प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित, पीठ प्रमुख, शैक्षणिक** द्वारा की जाएगी।

उपरोक्त व्याख्यान में समस्त पीठ प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है।

यह सूचना माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:

1. समस्त पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. कुलनानुशासक
3. विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)
4. संगणक विभाग इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अंकित करने का कष्ट करें।
5. सहायक अभियंता (सिविल) को इस आशय से प्रेषित की उक्त तिथि को वाचस्पति सभागार को खुलवाने की व्यवस्था करें।
6. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)